पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पुस्तक का विमोचन किया

लखनऊः 25 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पल्मोनरी विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो0 सूर्यकांत द्वारा लिखित पुस्तक 'Chronic Obstructive Pulmonary Disease' का राजभवन में विमोचन किया। इस अवसर पर महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा तथा राजभवन के अधिकारी व डाॅ0 सूर्यकांत के परिजन भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि धूम्रपान करने वाले एवं धुएं के सम्पर्क में रहने वाले लोगों को श्वसन संबंधित रोग ज्यादा प्रभावित करते है। गाँव में लकड़ी में खाना बनाने वाली महिलाएं व बीड़ी-सिगरेट का उपयोग करने वाले लोग सीओपीडी बीमारी के शिकार हो रहे है। एक अध्ययन के अनुसार अपने देश में लगभग तीन करोड़ लोग इस रोग से प्रभावित हैं। जब वे पेट्रोलियम मंत्री थे तो धुंआ रहित रसोई की कल्पना करके उन्होंने गाँव में ज्यादा से ज्यादा एलपीजी कनेक्शन दिये थे। उन्होंने बताया कि इसी दृष्टि से उन्होंने एक रसोई गैस कनेक्शन में दो सिलेण्डर (डीबीसी) तथा छोटे सिलेण्डर की योजना शुरू की थी।

श्री नाईक ने कहा कि डाॅ0 सूर्यकांत द्वारा लिखित पुस्तक का अपना एक सामाजिक महत्व है। पुस्तक लिखना अमूल्य सेवा है। छोटे-छोटे विषयों पर ऐसी किताबों की आवश्यकता है जिसे लोग सहजता से लेकर अपना ज्ञानवर्द्धन कर सकें। उन्होंने कहा कि यह किताब आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों के लिए संदर्भ की दृष्टि से अच्छी है।

महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा ने किताब की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक सरल भाषा में लिखी गयी है। उन्होंने बताया कि डाॅ0 सूर्यकांत ने इससे पूर्व कई अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण किताबें लिखी हैं तथा कई जगह पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाये हैं।

डाॅ0 सूर्यकांत ने बताया कि यह बीमारी आम तौर से लम्बे समय तक धूम्रपान करने वाले लोगों को होती है। इस बीमारी का असर हृदय पर भी होता है। उन्होंने संक्षिप्त रूप से फेफड़े की बीमारी की जाँच व इलाज के बारे में भी बताया।